# आज श्याम कीर्तन है | By Sunil Sarvotatm

आज श्याम कीर्तन है
झूम रहा तन मन है
होगा धमाल आज कीर्तन में
बाबा का दरबार सजे
ढोल ताशे खूब बजे
होगा धमाल आज कीर्तन में

बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय
बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय

ग्यारस की ग्यारस आते हैं प्रेमी
बाबा को मिलके मनाते हैं प्रेमी
श्याम श्याम गाएंगे झूम झूम नाचेंगे
होगा धमाल आज कीर्तन में

बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय
बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय

आओ सजाएं बाबा को मिलके
सुख दु:ख सुनाएँ बाबा को दिल के
बाबा प्यार बाटेंगे गले से लगाएंगे
होगा धमाल आज कीर्तन में

बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय
बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%9c-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a4%a8-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-sunil-sarvotatm/